प्राक्कथन

मार्च 2017 को समाप्त हुए वर्ष के लिए भारत के नियंत्रक एवं महालेखापरीक्षक का यह प्रतिवेदन भारत के संविधान के अनुच्छेद 151(2) के अंतर्गत उत्तराखण्ड राज्य के राज्यपाल को प्रस्तुत करने के लिए तैयार किया गया है।

प्रतिवेदन में राज्य सरकार के विभिन्न विभागों द्वारा उत्तराखण्ड में आपदा 2013 के उपरान्त बुनियादी ढाँचे के पुर्ननिर्माण पर निष्पादन लेखा परीक्षा के महत्वपूर्ण परिणाम शामिल हैं।

इस प्रतिवेदन में 2014-15 से 2016-17 की आच्छादित अवधि के वे दृष्टांत उल्लिखित हैं, जो मई 2017 से नवंबर 2017 तक सम्पादित की गई निष्पादन लेखापरीक्षा के दौरान संज्ञान में आए। जहाँ आवश्यक था, वहाँ मार्च 2017 के बाद से संबन्धित दृष्टांत को भी सम्मिलित किया गया है और कार्यों की पूर्णता की स्थिति को इंगित किए जाने हेतु इनकी स्थिति को बाद में मार्च 2018 तक अद्यतन किया गया है।

भारत के नियंत्रक एवं महालेखापरीक्षक द्वारा जारी किए गए लेखा परीक्षा मानकों के अनुरूप लेखा परीक्षा का सम्पादन किया गया है।

लेखापरीक्षा, इस निष्पादन लेखापरीक्षा के सम्पादन के दौरान उत्तराखण्ड सरकार द्वारा विभिन्न स्तरों पर प्रदत्त सहयोग के लिये आभार व्यक्त करता है।